सार-समाचार

जगन्नाथ धाम में प्राकट्य उत्सव हुआ

उदयपुर,(कासं)। जगन्नाथ धाम सेक्टर-7 में भगवान जगन्नाथ 15 दिन तक विश्राम में रहे और काढे का सेवन करने के पश्चात् नेत्रोत्सव पूर्ण होने के बाद आज नवयौवन में दर्शन दिये। पूरी तरह भगवान स्वस्थ होकर श्रृंगार के साथ दर्शन दिये। उक्त जानकारी देते हुए रथ यात्रा के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमावत ने बताया कि भगवान ने पन्द्रह दिन बाद दर्शन दिये। केवल मंदिर समिति के सदस्य ही उपस्थित थे। डॉ. कुमावत ने कहा कि नव प्राकट्य नवयौवन दर्शन में नेत्र उत्सव महत्वपूर्ण होता है। सबसे अंत में नेत्रो की ज्योति में शहद लगाकर उसको स्थापित किया जाता है। यह उत्सव परम्परागत उडीसा में भी प्राकट्य उत्सव के दिन मनाया जाता है। इस बार अमावस्या टूटने के कारण एक दिन पश्चात् 1 जुलाई को रथ यात्रा निकलेगी। जगन्नाथ धाम से.7 मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि भगवान जगन्नाथ को छप्पन भोग धराया गया। इस अवसर पर रथ यात्रा व महाआरती के सयोजक डॉ प्रदीप कुमावत, जगन्नाथ धाम से.7 मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भाटी, शिव सिंह सोलंकी, मनोज उपाध्याय, गिरीश शर्मा, कमलेश जोशी, धर्मेन्द्र व्यास, दिनेश चौबीसा, गोपाल सोनी, योगेश शर्मा, चन्द्रमणि सिंह, देवराज खनखवाल सहित केवल मंदिर समिति के सदस्य ही उपस्थित थे। रथ यात्रा के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमावत ने बताया कि 1 जुलाई को निकलने वाली रथ यात्रा का मार्ग में जगह-जगह विभिन्न समाजों, संगठनों, संस्थाओं और आमजन द्वारा स्वागत किया जायेगा। उन्होंने मार्ग के बारे में बताया कि जगन्नाथ धाम, से. 7 से दोपहर 2.15 बजे प्रारम्भ होकर जड़ाव नर्सरी 3 बजे, सेक्टर-8 3.15 बजे, सविना चौराहा 3.30 बजे, रेती स्टेण्ड 4.30 बजे, आवरीमाता 5 बजे, पुलिस लाईन 5.30 बजे, टेकरी 6 बजे, राडाजी चौराहा 6.15 बजे, वक्रांगी सेवा सदन 6.30 बजे, वशिष्ठ चौराहा 6.45 बजे, शुभम फर्नीचर 7 बजे, हिन्दुराज तिराहा 7.25 बजे, मेनारिया गेस्ट हाउस 8 बजे, पुराना सेटेलाईट रोड 8.20 बजे, पेट्रोल पम्प की गली 8.20 बजे, मगलेश्वर महादेव मंदिर तिराहा (नेशनल मिष्ठान्न) महाआरती 8.45 बजे, झूलेलाल भवन सेक्टर 4 9 बजे, अंकुर काम्प्लेक्स गली, एस एस कोचिंग सेंटर 9.15, मेनारिया मेडिकल 9.45, पंडिया क्लिनिक, पंचशील मार्किट प्रभात नगर 9.45, पुलिस थाना 10 बजे होते हुये सेक्टर-7 10.30 बजे पहुँचेगी।

अमासी स्किल कोर्स कल से

उदयपुर,(कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में नेशनल लेवल का अमासी स्किल एण्ड एफएमएएस सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन 1 से 3 जुलाई तक किया जाएगा। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.एम.एम मंगल विधिवत शुभारम्भ करेंगें। सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.एच.पी.गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय इस कार्यशाला में देश भर के 150 से ज्यादा जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ भाग लेंगे एवं दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन के बारे में ज्ञान एवम कौशल प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण कार्यशाला के संचालक डॉ.धवल शर्मा ने बताया कि कार्यशाला के तीसरे दिन सभी प्रशिक्षणार्थीयों की एन्डोट्रेनर पर प्रैक्टिकल परीक्षा ली जाएगी एवं फेलोशिप के लिए चयनित किया जाएगा। डॉ.धवल शर्मा ने स्पष्ट किया कि दूरबीन से सर्जरी में काफी नई तकनीकें और एडवांसमेंट आ चुके है और लगभग पेट के सभी ऑपरेशन अब लेप्रोस्कापी द्वारा संभव है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थीयों रोबोटिक एवं सिंगल इंसीजन सर्जरी के बारे में अवगत कराया जायेगा।

सांख्यिकी दिवस मनाया

उदयपुर,(कासं)। 16वां सांख्यिकी दिवस बुधवार को आर्थिक एवं सांख्यिकी कार्यालय बेदला में मनाया गया। उपनिदेशक सांख्यिकी व सीपीओ पुनीत शर्मा ने सांख्यिकी दिवस की थीम डाटा फॉर सस्टेनेबल डवलपमेंट विषय जानकारी दी और कहा कि ग्रीन एसेट्स को जीडीपी में सम्मिलित किया जाना अति महत्वपूर्ण है। पेसिफिक यूनिवर्सिटी के प्रसिडेन्ट प्रो.के.के.दवे ने देश के विकास में आंकडों के महत्व के बारे में बताया एवं कॉमर्स कॉलेज, के डॉ. देवेन्द्र श्रीमाली ने सांख्यिकी नीति निर्धारण में सांख्यिकी कार्मिकों की भूमिका बताई। कार्यक्रम में संबंधित विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम प्रकाश चन्द्र खटीक व द्वितीय स्थान शैलेष कुमार जैन ने रहे। पेपर प्रस्तुतीकरण ने प्रथम स्थान प्रवीण कुमार पण्ड्या ने प्राप्त किया। इस अवसर पर पौधारोपण कर जागरूकता पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विक्रम मालवीया, विष्णु प्रकाश जोशी, भूरालाल पालीवाल रामलाल मीणा, मुनीन्द्र सिंह चौहान, ललित मेघवाल, पंकज शर्मा, श्याम त्रिवेदी, मोहनलाल सालवी आदि उपस्थित थे।

उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

भूपालसागर,(निसं)।कन्हैया के हत्यारों कों गोली मारो सालों को, देश के गद्धारों को गोली मारों सालों को आदि नारे लगाते ठामीणों ने भूपालसागर कस्बें में बाईक रैली निकालते हुए उदयपुर में अब तक का सबसे बड़ा जगन्य हत्याकांड पर आरोपियों के खिलाफ कडी से कड़ी कार्यवाही करने को लेकर महाराणा भूपालसिंह बस स्टेण्ड पर टायर फुंक कर विरोध प्रर्दशन किया, गली मोहल्लों में बाईक रैली निकाल उपखण्ड अधिकारी भावना सिंह को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा, साथ ही सभी ने सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। जानकारी के अनुसार सवेरे करीबन 9 बजे हिन्दुवादी विचारधारा वाले संगठनों ने भूपालसागर बस स्टेण्ड पर टायर जलाकर आरोपीयों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया तथा कस्बे के हर गली मोहल्ले में बाईक रैली निकाली तथा आरोपीयों के खिलाफ नारे लगाये। तत्पचात उपखण्ड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर शहर में मंगलवार को धानमंडी थाना क्षेत्र में घटित हत्याकांड के बाद सांप्रदायिक सद्भाव व कानून व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट ताराचंद मीणा ने एक आदेश जारी कर विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। इस आदेशानुसार गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र के लिए सुधांश सिंह व रागिनी डामोर, प्रतापनगर के लिए वृद्धि चंद गर्ग, श्वेता फगेडिया व श्रीमती अनिता मीणा, हिरणमगरी थाना क्षेत्र में अनिल शर्मा व बृजेश गुप्ता, सुखेर के लिए श्रीमती कविता पाठक, सुश्री प्रियंका जोधावत व श्रीमती मोनिका जाखड, अंबामाता में गोविंद सिंह राणावत ज्योति ककवानी व इंद्रजीत सिंह को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। वहींकीर्ति राठौड, तरू सुराणा व दीपक मेहता आरक्षित कार्यपालक मजिस्ट्रेट रहेंगे।

'एक संवाद' कार्यक्रम निरस्त

उदयपुर,(कासं)। उद्योग विभाग द्वारा उदयपुर में 30 जून को आयोजित होने वाला संभाग स्तरीय कार्यक्रम एक संवाद वर्तमान हालात को देखते हुए निरस्त कर दिया गया है। जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू माली ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से कानून व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत लगाए गए कर्फ्यू और जिले में जारी धारा 144 के प्रावधानों के तहत यह कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम में उद्योग मंत्री शकुंतला रावत का बतौर अतिथि भाग लेना प्रस्तावित था लेकिन बानसूर के धीरपुर निवासी अभिषेक जांगिड की शहादत के कारण उनका कार्यक्रम भी निरस्त किया गया है।

फसली ऋण चुकाने की देय तिथि आज

डूंगरपुर,(निसं)।। दी डूंगरपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड डूंगरपुर द्वारा जिले के 138 लेम्पस के माध्यम से कृषको को फसली ऋ ण उपलब्ध करवाया जा रहा है। प्रबन्ध निदेशक राजकुमार खांडिया ने बताया कि कृषक सदस्यों को खरीफ 2021 मौसम तथा रबी 2021-22 मौसम में वितरित किये गये फसलो ऋ णों के चुकाने की देय तिथि 30 जून 2022 निर्धारित है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले के लेम्पस व्यवस्थापक लम्बे समय से हडताल में होने से फसली ऋ ण वितरण व वसूली का कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि ऋणी कृषक शुन्य प्रतिशत ब्याज दर योजना का लाभ लेने हेतु अपने कार्यक्षेत्र की सीसीबी शाखा में फसली ऋ ण को चुकाना 30 जून 2022 से पूर्व देवें ताकि कृषक को अतिरिक्त दण्डनीय ब्याज का चुकाना नहीं करना पडे।

प्रवेश प्रक्रिया शुरू, अंतिम तिथि 15 जुलाई

बांसवाड़ा,(निसं)। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में डिप्लोमा इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष पार्श्व प्रवेश में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है जिसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई है। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य नगराज बोरसे ने बताया कि प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं या 1०वीं प्लस दो वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान में यांत्रिकी, विद्युत एवं सिविल अभियांत्रिकी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उदयपुर हत्याकाण्ड को लेकर डूंगरपुर शहर सहित गांव-ढाणी तक बंद

कन्हैयालाल हत्याकाण्ड के विरोध में हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रट पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन सौपा।

- हिन्दू संगठनों ने रैली निकालकर कलेक्ट्रट पर किया प्रदर्शन
- ज्ञापन सौंपकर हत्यारो को फांसी तथा तालिबानी सोच का पर्दाफाश करने की मांग

डूंगरपुर,(निसं)। मंगलवार को उदयपुर मे एक व्यापारी की बेरहमी से की गई तालिबानी सोच के कार्यकताओं द्वारा हत्या के बाद आमजन मे व्याप्त आक्रोश के चलते हिन्दू संगठनो के आव्हान पर बंद की घोषणा अभुतपूर्व बंद रही और बाजारो मे अल सुबह से दिनभर सन्नाटा पसरा रहा वही, हिन्दू संगठनो व व्यापार मण्डल के तत्वाधान मे गेप सागर की पाल पर बडी संख्या मे नागरिको का हुजूम एकत्रित हुआ तथा नारेबाजी करता हुआ तहसील चौराहा, महाराजा मार्केट होता हुआ कलेक्ट्रट पर पहुंचा जहां पर धरने के रूप मे सडक पर बैठ गए।

इसके पश्चात धरने को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभू पण्ड्या ने इस निर्मम हत्या की कडी शब्दो मे निंदार करते कहा कि इस तरह की तालिबानी सोच देश विरोधी गतिविधियो मे लिप्त एक समुदाय के संगठनो की ही है और ऐसे मे गिरफ्तार युवको के साथ-साथ उनके रहनुमाओं की भी खोज खबर करनी होगी जोकि हत्या का पूरा वीडिया बनाकर न केवल सोश्यल मीडिया पर वायरल किया अपितु देश के प्रधानमंत्री तक को धमकी देने का प्रयास किया। उन्होने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि युवक द्वारा उसकी जान के खतरे संबंधित समय पर सूचना देने के बावजूद पुलिस द्वारा समय रहते कार्यवाही नही करने का परिणाम रहा। जिससे राज्य सरकार की समुदाय विशेष के लोगो के प्रति मानसिकता को दर्शाता है। जिन्हे अपराधो के लिए खुला छोड रखा है।

विश्व हिन्दू परिषद के प्रकाश भट्ट, संघ के जिला प्रचारक नरेन्द्र, सभापति अमृत कलासुआ, अनूप चौबीसा, डायालाल पाटीदार, विमल सोनी ने धरने को संबोधित करते हुए देश मे बढती तालिबानी सोच पर लगाम कसने के लिए कडे कदम उठाने की मांग करते हुए जिस तरह हत्यारो मे एक युवक पाकिस्तान मे ट्रेनिंग लेने का मामला सामने आने के बाद संभागभर मे इसके सम्पर्क मे आने वाले तालिबानी सोच के युवाओं की खोज पडताल करने के लिए इंटेलेजेंसी ब्यूरो को सक्रिय करने की आवश्यकता है ताकि क्षेत्र मे अराजकता का माहौल पनपने से रोका जा सके। हत्या के विरोध मे जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे भी बंद का व्यापक असर रहा तथा इस घटना को लेकर तहसील व पंचायत समिति स्तर पर विरोध प्रदर्शन भी हुए। जहां विभिन्न संगठनो द्वारा राज्य सरकार पर तुष्टिकरण की नीति का भी आरोप लगाया गया। जिला मुख्यालय पर अल सुबह से ही बाजारो मे हिन्दू संगठनो के पदाधिकारी वाहनो पर निकले। जिसके चलते बाजारो मे पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा।

सार-समाचार

परीक्षार्थियों को पानी व बिस्किट बांटे

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर जिले में 103 केन्द्रों पर आयोजित लेब असिस्टेंट की परीक्षा में छात्रों को कर्फ्यू के मद्देनजर परीक्षा समाप्ति के बाद भोजन एवं पानी के लिए इधर उधर घूमते रहे भाजपा आपदा राहत एवं सहयोग विभाग राजस्थान के प्रदेश संयोजक डॉ. जिनेंद्र शास्त्री, नगर निगम निर्माण समिति के अध्यक्ष ताराचंद जैन, भाजपा सरदार पटेल मंडल अध्यक्ष हजारी जैन के नेतृत्व में परीक्षा सेंटर के बाहर 1500 बिस्कुट एवं पानी की बोतल वितरण किया गया। भाजपा जिला मंत्री दीपक बोलियाँ, महेश त्रिवेदी ,राजेश वैरागी, राजकुमार भोरावत, जयंत ओझा, हरीश कोड़ियां, हेमंत जैन, तन्मय जैन, उमंग जैन आदि ने आलोक स्कूल, महावीर विद्या मंदिर, जवाहर जैन स्कूल, राजकीय बालिका स्कूल से. 11, उदियापोल के बाहर वितरण किए गए। भाजपा आपदा राहत एवं सहयोग विभाग राजस्थान के प्रदेश संयोजक डॉक्टर जिनेंद्र शास्त्री ने उदयपुर जिला कलेक्टर तारा चंद मीणा एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ओपी बुनकर से फोन पर बात कर आग्रह किया कि छात्रों की 1 जुलाई तक परीक्षा है उनके आवागमन के लिए बसें लगायी जाए एवं भोजन की पुख्ता इंतजाम करें।

केन्द्रीय कारागृह का औचक निरीक्षण

उदयपुर,(कासं)। सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा ने केन्द्रीय कारागृह उदयपुर का औचक निरीक्षण कर संपूर्ण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बंदीगण की समस्या सुनकर मौके पर ही कारागृह अधीक्षक व कारापाल को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने बंदियो से उनके मुकदमों की स्थिति एवं अधिवक्ता के बारे में पूछा और जेल में भोजन की गुणवत्ता भी देखी। बंदियों द्वारा अधिवक्ता न कर पाने की स्थिति में नि:शुल्क विधिक सहायता के लिए आवेदन पत्र भरवाने हेतु अधीक्षक केन्द्रीय कारागृह को निर्देश प्रदान किए। शर्मा ने जेल परिसर की साफ सफाई, भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्था, वीसी रूम, कैंटीन आदि का भी निरीक्षण कर दिशा निर्देश प्रदान किये।

---

70 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर में कर्फ्यू एवं धारा 144 के प्रावधानों में परीक्षा में दी गई छूट के तहत बुधवार को शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में आयोजित लैब असिस्टेंट परीक्षा परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। कर्फ्यू के बावजूद भी शहर व आस-पास के 122 परीक्षा केन्द्रों पर 7० प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इन केन्द्रों पर पहली पारी कुल 34 हजार 992 परीक्षार्थियों में से 24 हजार 719 विद्यार्थियों ने उपस्थिति दी जबकि 10 हजार 273 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पारी में कुल 34 हजार 992 परीक्षार्थियों में से 24 हजार 542 विद्यार्थियों ने उपस्थिति दी जबकि 10 हजार 450 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। संभाग मुख्यालय पर लैब असिस्टेंट परीक्षा आयोजन को देखते हुए संभाग के विभिन्न जिलों से बडी संख्या में विद्यार्थी पहुंचे और शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी।

कन्हैयालाल की हत्या पर भीण्डर रहा बंद, लोगों में दिखा आक्रोश

भीण्डर पुलिस थाने में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

- इंटरनेट और बाजार बंद रहने से लोग हुए परेशान

भीण्डर,(निसं)। उदयपुर के मालदास स्ट्रीट में स्थित सिलाई की दुकान में घुस कर बदमाशों द्वारा कन्हैयालाल साहू का गला रेत कर की गई नृशंस हत्या के विरोध में भीण्डर बंद रहा।

हत्या को लेकर लोगों में आक्रोश दिखा, वहीं इंटरनेट और बाजार बंद रहने से लोग परेशान रहे। लोगों ने सुबह 9 बजे नगर में आक्रोश रैली निकालकर बदमाशों के खिलाफ नारेबाजी की एवं उनको फांसी की सजा देने की मांग की। इसके बाद दोपहर 3 बजे सूरजपोल कैलाश धर्मशाला के बाहर एक सभा आयोजित की गई। सभा मे वक्ताओं ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे एक आतंकी घटना बताया। लोगो ने कांग्रेस सरकार में घटी इस घटना की निंदा करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। वक्ताओं ने कहा कि भारत मे कार्यरत संदिग्ध संगठनों पर तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए।

इसके अलावा कन्हैया लाल को श्रद्धांजलि देते हुए उसके परिवार को न्याय दिलाकर उचित मुआवजा देने की भी मांग की। इसके बाद सैकडो लोग नारेबाजी करते हुए भींडर पुलिस थाने पहुंचे। जहां सभी ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम भीण्डर एसडीएम रमेश सीरवी को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में कन्हैया लाल की हत्या को आईएसआई व पीएफआई जैसे संगठनों की साजिश बताते हुए अपराधियों को कडी से कडी सजा दिलवाने एवं पूर्व में कन्हैया लाल की शिकायत पर भी कार्यवाही नहीं करने वाले पुलिस अधिकारीयो के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की। इस अवसर पर शिक्षाविद् प्रकाश वया, हीरालाल पंड्या, जगदीश सुथार, अनिल वैष्णव, भगवतीलाल शांडिल्य, इन्द्र लाल चौबीसा, पूरण व्यास, शंकर लाल गोस्वामी, चमनलाल सोनी, सहित विभिन्न हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

केन्द्रीय सचिव का यात्रा कार्यक्रम

उदयपुर,(कासं)। भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी गुरुवार सुबह 8.15 बजे वायुयान से उदयपुर आएंगे तथा 3 जुलाई की सुबह 8.55 बजे वायुयान से दिल्ली प्रस्थान कर जाएंगे।

नाम परिवर्तन

मेरे पासपोर्ट नंबर K6621142 में नामMohmmad Husainअंकित चला आ रहा है। मैं उक्त पासपोर्ट में नाम **Mohammed Hussain** अंकित करवाना चाहता हूं। अत: मुझे इसी नाम व जाना व पहचाना जायें।

पता: मो. हुसैन पिता श्री अब्दुल हफिज
39-हसमत कोलोनी, बूंदीरोड़
चित्तौड़गढ़ तहसील जिला चित्तौड़गढ़

कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./90-ए/2022-23/1156 दिनांक: 29.6.22

- :: लोक सूचना ::-

(1) श्री मुकेश पिता श्री रामदेव भाम्भी, निवासी- शिखरानी, तहसील मसुदा, जिला अजमेर (राज.) (2) श्री सुरेशचन्द्र पिता श्री छोगालाल बुनकर, निवासी सनवाड़, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय) प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात् :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षैत्रफल
मावली, उदयपुर	राजस्व ग्राम सनवाड़, पटवार हल्का सनवाड़	6666/2943	0.4086 हैक्टेयर
	कुल किता-01		यानि कुल क्षैत्रफल 43974 वर्गफीट यानि 4086.80 वर्गमीटर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है, और तद्नुसार मामले को निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 29.6.22 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका फतहनगर सनवाड़

कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./90-ए/2022-23/1166 दिनांक: 29.6.22

- :: लोक सूचना ::-

(1) श्री बनवारीलाल पिता श्री प्रहलादराय अगवाल, निवासी-ए-14, महाराजा अग्रसेन नगर, कुंदन होटल के सामने, शिवगंज, तहसील शिवगंज, जिला सिरोही (राज.) (2) श्री सुभाषचन्द्र पिता श्री प्रहलादराय अग्रवाल, निवासी आदिनाथ कॉलोनी, शिवगंज, तहसील शिवगंज, जिला सिरोही (राज.) (3) श्री सुरेशचन्द्र पिता श्री प्रहलादराय अग्रवाल, निवासी- फतहनगर, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय) प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात् :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षैत्रफल
मावली, उदयपुर	राजस्व ग्राम सनवाड़, पटवार हल्का सनवाड़	6738/6662	कुल रकबा 0.0519 हैक्टेयर यानि 5584.44 वर्गफीट यानि 620.49 वर्गगज यानि 519 वर्गमीटर
	कुल किता-01		

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है, और तद्नुसार मामले को निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 29.6.22 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका फतहनगर सनवाड़

जनसुनवाई आज

बांसवाड़ा,(निसं)। अजमेर डिस्कॉम की ओर से प्रबंध निदेशक के आदेशानुसार आज गुरुवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय में जन सुनवाई प्रात: 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी। जिसमें विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे त्रूटिपूर्ण बिलिंग, तेज मीटर, संपत्ति विवाद, सतर्कता जांच संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए उपभोक्ताओं द्वारा प्रतिवेदन एवं तत्काल ही समस्या के समाधान के लिए संबंधित सहायक अभियंता कार्यालय में भिजवाकर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जायेगी।

छात्राओं का सम्मान किया

बांसवाड़ा,(निसं)।राबाउमावि चन्द्रपोल में राज्य स्तरीय वरियता में द्वितीय स्थान प्राप्त शताक्षी सिसोदिया एवं अन्य उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाली छात्राओं एवं शिक्षकों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान डॉ. चन्द्रिका शर्मा ने की जबकि मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मावजी खांट एवं विशिष्ट अतिथि बडा रामद्वारा के संत रामप्रकाश महाराज व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नवीनचंद्र मीणा रहे। अतिथियों और शताक्षी सिसोदिया का माला पहना, शॉल औढाकर और साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

युवा दृढ़ निश्चय व आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े : प्रो. सारंगदेवोत

उदयपुर में एनसीसी के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन एग्रीकल्चर महाविद्यालय के कृषि भवन में हुआ।

- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की स्मॉल फायरिंग रेंज व आॅप्टीकल कोर्स का किया लोकार्पण
- एनसीसी देश सेवा की पहली सीढी - एल.के. जैन

उदयपुर,(कासं)। एनसीसी के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर महाविद्यालय के कृषि भवन में सम्पन्न हुआ जिसमें उदयपुर संभाग के 600 केडेट्स ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ डीडीजी एयर कोमोडोर एल.के. जैन, कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, ग्रूप कमांडर कर्नल भास्कर चक्रवर्ती, कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, कमांडिंग आफिसर कर्नल इन्द्रजीत सिंह घोषाल, प्रो. गजेन्द्र माथुर ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।

प्रो. सारंगदेवोत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनसीसी के स्टूडेंट्स बी और सी सर्टिफिक प्राप्त करने के साथ ही अब उच्च प्रशिक्षण के लिए अकादमिक क्रेडिट भी प्राप्त कर सकेगे, साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की रोजगार प्रोत्साहन योजनाओं में अतिरिक्त विशेष लाभ प्राप्त कर सकेगे। उन्होने कहा कि एनसीसी के माध्यम से ऐसे लाखों युवा देश में तैयार हो रहे है जो हमारी राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता, सांझी सांस्कृतिक विरासत और संवैधानिक मर्यादाओं के प्रति पूरी तरह निष्ठावान है। समारोह पूर्व एयर कोमोडोर एल.के. जैन को एनसीसी केडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विद्यापीठ द्वारा डबोक परिसर में बनाई गई नवनिर्मित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की स्मॉल फायरिंग रेंज व ऑप्टीकल कोर्स का लोकार्पण डीडीजी एयर कोमोडोर एल.के. जैन, कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, ग्रुप कमांडर कर्नल भास्कर चक्रवर्ती, कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, कमांडिंग आफिसर कर्नल इन्द्रजीत सिंह घोषाल द्वारा किया गया। समारोह में अतिथियों द्वारा बेस्ट सिनियर डिविजन फायरर का अवार्ड हर्षित चौबे, सीनियर विंग फायरर रविना जाट को, बेस्ट जेडी फायरर कुबैर सिंह भाटी, बेस्ट जेडब्ल्यू उन्नति सिसोदिया को, बेस्ट मैप रिडिंग का अवार्ड जयेश सेन, एसडब्ल्यू रविना जाट, बेस्ट जेडब्ल्यू महिका व्यास, जेडी विहान जैन को, फिल्ड क्राफ्ट एण्ड बेटल क्राफ्ट में पुरूष वर्ग में हेमंत सिंह चौहान, महिला वर्ग में तनु श्री , जेडी में तनिष्क वादवानी, जेडब्ल्यू में सृष्टि को, बेस्ट ड्रील पुरूष, महिला वर्ग का अवार्ड एमबी कॉलेज, जेडी में पुरूष व महिला वर्ग का अवार्ड सेंट ग्रिगोरिस व बीएन पब्लिक स्कूल को संयुक्त रूप से दिया गया। साथ ही दस दिवसीय शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.7 ( ) /PLAN/LANDUSE/2022-23/844 से 845 दिनांक: 29.6.22

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24-02-2021 के बिन्दु संख्या 6 के क्रम में पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू-उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेन्ट प्लान/तकनीकी मानदण्ड/योजना के अनुरूप हो तो भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञेय किये जाने के सम्बन्ध में प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/योजना	खसरा संख्या/ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या/भूमि	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	प्रार्थी द्वारा चाहा गया भू-उपयोग
1.	श्री संजीव शर्मा पिता स्व. श्री उमा महेश शर्मा	योजना मीरा नगर (फेज द्वितीय)	ब्लॉक बी	भूखण्ड संख्या 05	3486.24 वर्गफीट	आवासीय (आवेदित भूखण्ड 100' फीट सड़क मीरा नगर योजना में स्थित हैं)।	व्यावसायिक

इस प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यास कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता को प्रस्तुत कर सकते है। उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

(बालमुकुन्द असावा)
सचिव नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.7 ( ) /PLAN/LANDUSE/2022-23/846 से 847 दिनांक: 29.6.22

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24-02-2021 के बिन्दु संख्या 6 के क्रम में पट्टाशुदा भूखण्ड का अनुमत उपयोग से प्रस्तावित भू-उपयोग मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेन्ट प्लान/तकनीकी मानदण्ड/योजना के अनुरूप हो तो भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञेय किये जाने के सम्बन्ध में प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/योजना	खसरा संख्या/ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या/भूमि	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	प्रार्थी द्वारा चाहा गया भू-उपयोग
1.	श्री आशीष कुमार शर्मा पिता श्री भगवान दास शर्मा	शोभागपुरा	1549/1545	01	1020.00 वर्गफीट	आवासीय (आवेदित भूखण्ड 100' फीट सड़क पर स्थित हैं)।	व्यावसायिक

इस प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यास कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता को प्रस्तुत कर सकते है। उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

(बालमुकुन्द असावा)
सचिव नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर